# नहीं टूटी पुलिस की नींद,हो गया ट्रिपल मर्डर



लखनऊ।राजधानी के सआदतगंज के ब्राह्मणी टोला में सोमवार को सिर्फ कार खड़ी करने के विवाद पर तीन गोलियां नहीं चलीं, तीन घर उजड़ गए। एक ही परिवार के तीन लोगों को दिनदहाड़े गोलियों से भून दिया गया और पुलिस देखती रह गई। इस ट्रिपल मर्डर ने कमिश्नरेट पुलिस की कार्यशैली को पूरी तरह

## सआदतगंज ट्रिपल मर्डर पर उठे बड़े सवाल

कठघरे में खड़ा कर दिया है। सवाल सीधा है - आखिर वह अवैध पिस्टल आई कहां से, जिसने आधा दर्जन राउंड फायर कर पूरे मोहल्ले को थर्रा दिया? अगर आरोपी ऋषभ शुक्ला पहले से अवैध असलहा लेकर मोहल्ले में घूमता था, दबंगई करता था, तो पुलिस ने आंख क्यों मूंद रखी थी? लोग कह रहे हैं यह विवाद आज का नहीं था। गाड़ी खड़ी करने को लेकर रोज तू-तू मैं-मैं होती थी, गाली-गलौज होती थी। थाने तक बात गई, लेकिन निरोधात्मक कार्रवाई के नाम पर एक कागज तक नहीं लिखा गया। नतीजा तीन लाशें। प्रत्यक्षदर्शियों की बेटे और भाई की चीखों से दीवारें तक कांप गईं। मोहल्ले के लोग पुलिस को कोस रहे थे, अगर पुलिस पांच मिनट पहले पहुंच जाती तो शायद जानें बच

## इलाके में चल रही थी आरोपी की दबंगई, फिर भी कोई सख्ती नहीं

जुबानी वह मंजर आज भी रूह कंपा रहा है। ऋषभ फिल्मी अंदाज में गोलियां बरसा रहा था, जैसे किसी को मारने का बदला ले रहा हो। पांच मिनट पहले सब ठीक था, पांच मिनट में तीन लाशें बिछ गईं। ब्राह्मणी टोला के बरगद के पास वाली खाली जमीन पर कार खड़ी करने को लेकर कहासुनी हुई और ऋषभ घर से अवैध पिस्टल लाकर अंधाधुंध फायरिंग करने लगा।मरने वाले तीनों एक ही परिवार के हैं। 62 वर्षीय शिवाजी तिवारी, उनके छोटे भाई 55 वर्षीय शिवेन्द्र तिवारी और शिवेन्द्र के बेटे 30 वर्षीय सुयश तिवारी। गोलियां लगते ही तीनों खून से लथपथ जमीन पर गिर पड़े।केजीएमयू ट्रॉमा सेंटर में डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घर में कोहराम मचा है। मां-जातीं।इधर थाना प्रभारी सआदतगंज का कहना है कि आरोपी पहले जिला बदर हो चुका है, उस पर गुंडा एक्ट भी लगा था। यही बात पुलिस पर और बड़ा सवाल खड़ी करती है। अगर वह जिला बदर और गुंडा एक्ट का अपराधी था तो उसके पास अवैध हथियार कैसे आया ? वह खुलेआम कैसे टहल रहा था ? किसके संरक्षण में उसका रौब चल रहा था ?फिलहाल पुलिस ने आरोपी को पकड़कर पिस्टल और चार खोखा बरामद दिखा दिए हैं। लेकिन तीन मौतों का जवाब कौन देगा ? क्या सिर्फ गिरफ्तारी से इंसाफ होगा या अवैध असलहों के नेटवर्क और लापरवाह बीट पुलिसिंग पर भी कार्रवाई होगी, यह देखना बाकी है।

## गोमती रिवर फ्रंट सफाई के बाद आमजन के लिए खोला गया

लखनऊ,आज समाचार सेवा। बाढ़ के पानी से हुए जलभराव और गंदगी के कारण करीब 25 दिनों से बंद गोमती रिवर फ्रंट को सोमवार को आम लोगों के लिए खोल दिया गया। लखनऊ विकास प्राधिकरण की ओर से व्यापक सफाई कराने के बाद यहां फिर से चहल-पहल शुरू हो गई। देर शाम रिवर फ्रंट पर परिवार और बच्चों के साथ पहुंचे लोगों ने आनंद लिया। लंबे समय बाद रिवर फ्रंट पर रौनक नजर आई। विदित है की बाढ़ के दौरान रिवर फ्रंट का बड़ा हिस्सा पानी में डूब गया था। पाथवे, बच्चों के झूले, बैठने की बेंच, लाइटें और पेड़-पौधे तक जलभराव की चपेट में आ गए थे। पानी उतरने के बाद पूरे परिसर में मिट्टी, कीचड़ और गंदगी जमा हो गई थी। ऐसे में इसे दोबारा लोगों के घूमने लायक बनाने के लिए एलडीए को काफी मशक्कत करनी पड़ी। पाथवे पर जमा मिट्टी और कीचड़ हटाने के साथ बैठने की बेंच, लाइटों, पेड़-पौधों और बच्चों के झूलों की भी सफाई की गई। ताज होटल के सामने स्थित रिवर फ्रंट के वीआईपी क्षेत्र को भी पूरी तरह साफ-सुथरा कर दिया गया है। यहां विशेष रूप से सफाई और धुलाई कराई गई, ताकि लोगों को आने-जाने और बैठने में परेशानी न हो।

## सआदतगंज तिहरा हत्याकांड: चबूतरे पर पार्किंग नहीं, वर्चस्व की जंग बनी खूनी वारदात की वजह

लखनऊ।सआदतगंज के नौबस्ता ब्राह्मणी टोला में हुए सनसनीखेज तिहरे हत्याकांड की परतें अब खुलने लगी हैं। रिटायर्ड सचिवालय कर्मी 62 वर्षीय शिवाजी तिवारी, उनके भाई 55 वर्षीय शिवेंद्र उर्फ शंभू तिवारी और शिवाजी के 30 वर्षीय बेटे सुयश की दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या के पीछे चबूतरे पर गाड़ी खड़ी करने का विवाद महज बहाना बताया जा रहा है। असली वजह वर्चस्व की जंग है।बताया जा रहा है कि वारदात को अंजाम देने वाला 30 वर्षीय ऋषभ शुक्ला खुद को मर्चेंट नेवी का अफसर बताता है। मोहल्ले वालों के मुताबिक दोनों परिवारों के बीच पिछले कई दिनों से रंजिश चल रही थी। शिवाजी तिवारी का परिवार आर्थिक रूप से संपन्न था, जो आरोपी को अखर रहा था। पड़ोसियों पर ताबड़तोड़ फायरिंग के दौरान वह ललकार रहा था - मैं फोर्स का जवान हूं, मेरा कोई कुछ नहीं कर सकता। पुलिस भले ही इसे पार्किंग विवाद बता रही हो, लेकिन हकीकत कुछ और इशारा कर रही है। पुलिस कई एंगल से जांच कर रही है कि आखिर इतनी बड़ी वारदात की असल वजह क्या है।सबसे बड़ा सवाल यह भी है कि मर्चेंट नेवी अफसर कहे जा रहे ऋषभ के पास अवैध असलहा आया कहां से? यह सवाल इसलिए भी अहम है क्योंकि 20 अगस्त 2026 को गोमतीनगर के मिठाई वाला चौराहे पर बैंक अधिकारी दिव्या मिश्रा और उसकी ननद तूलिका की हत्या में इस्तेमाल असलहा कहां से आया, इसका सुराग पुलिस आज तक नहीं लगा पाई है। मानस वाजपेई ने पत्नी और बहन की हत्या के बाद खुदकुशी कर ली थी।बॉक्स खाली हाथ पहुंचे सिपाही कार्तिक ने दबोचा कातिल- तीन लोगों को गोलियों से भूनने की खबर पर जब अफसर मौके पर पहुंचने में देर कर रहे थे, तब सिपाही कार्तिक सबसे पहले घटनास्थल पर पहुंचा। जान की परवाह किए बिना खाली हाथ ही वह कातिल की ओर दौड़ पड़ा। फायरिंग कर भाग रहे ऋषभ शुक्ला को सिपाही ने दौड़ाकर अवैध असलहे समेत दबोच लिया।मौके पर खून से लथपथ तीन लोग जमीन पर पड़े थे। सिपाही ने तुरंत अफसरों को सूचना दी और स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को ट्रॉमा सेंटर भिजवाया, जहां तीनों ने दम तोड़ दिया। सिपाही की इस बहादुरी की हर तरफ चर्चा हो रही है।

## करवा चौथ पर राजधानी में बही खरीदारी की बयार, बाजारों में रौनक

### इस बार 100 करोड़ से अधिक के कारोबार की उम्मीद

लखनऊ । सुहाग और अखंड सौभाग्य के प्रतीक पर्व %करवा चौथ% को लेकर राजधानी लखनऊ के बाजारों में (त्योहार की रौनक) अपने चरम पर है। अमीनाबाद, चौक, आलमबाग, भूतनाथ, हजरतगंज और इंदिरा नगर जैसे प्रमुख बाजारों में सजी दुकानों ने शहरवासियों का मन मोह लिया है। बाजारों में पारंपरिक मिट्टी और पीतल के करवे से लेकर आधुनिक डिजाइन वाली सजी हुई पूजन थालियों और छलनी तक की विशाल रेंज उपलब्ध है। बाजारों में उमड़ी भीड़, सज गई सुहाग सामग्री व्रत की तैयारियों में जुटी महिलाएं अभी से बाजारों का रुख करने लगी हैं। बाजारों में चूड़ियां, बिंदी, मेंहदी, सिंदूर और डिजाइनर साड़ियों-सूटों की दुकानों पर विशेष चहल-पहल देखने को मिल रही है। इस बार बाजार में पारंपरिक सामान के साथ-साथ फैंसी और इको-फ्रेंडली करवों की भी भारी मांग है, जो ग्राहकों को अपनी ओर आकर्षित कर रहे हैं। **कारोबार में बंपर उछाल की उम्मीद** व्यापार मंडलों और दुकानदारों के अनुसार, जैसे-जैसे व्रत की तिथि नजदीक आ रही है, खरीदारी में और अधिक तेजी आने की पूरी संभावना है। इस बार राजधानी में करवा चौथ के मौके पर 100 करोड़ से अधिक के बड़े कारोबार की उम्मीद जताई जा रही है, जिससे त्योहारी सीजन की बेहद जोरदार शुरुआत होगी। **महंगाई की हल्की सुगबुगाहट, लेकिन उत्साह बरकरार** एक तरफ जहां बाजारों में जबरदस्त उत्साह है, वहीं दूसरी तरफ बढ़ती महंगाई के कारण पूजा सामग्री और श्रृंगार के सामानों की कीमतों में हल्की बढ़ोतरी जरूर दर्ज की गई है। हालांकि, महिलाओं और खरीदारों के जोश के आगे महंगाई का असर फीका पड़ता नजर आ रहा है और बाजारों में जमकर खरीदारी हो रही है।

## बीकेटी में केमिकल टैंकर पलटा

लखनऊ।बीकेटी थाना क्षेत्र में किसान पथ पर बड़ा हादसा हो गया। टायर फटने से फॉर्मेलिन केमिकल से भरा टैंकर पलट गया। टैंकर से केमिकल लीक होने के बाद पूरे इलाके में हड़कंप मच गया।जानकारी के मुताबिक यह टैंकर संडीला से गुडंबा स्थित प्लाईवुड फैक्ट्री जा रहा था। शाम करीब 6:30 बजे किसान पथ पर अचानक टायर फटने से अनियंत्रित होकर पलट गया। टैंकर पलटते ही उसमें भरा फॉर्मेलिन केमिकल सड़क पर फैलने लगा।सूचना मिलते ही बीकेटी पुलिस, फायर सर्विस और एसडीआरएफ की टीमें मौके पर पहुंच गईं। पूरे क्षेत्र को कॉर्डन ऑफ कर ट्रैफिक डायवर्ट किया गया।

## जनगणना-2027 प्रशिक्षण केंद्र का अपर नगर आयुक्त ने किया निरीक्षण

लखनऊ,आज समाचार सेवा। जनगणना-2027 की तैयारियों के तहत सोमवार को अपर नगर आयुक्त अरुण कुमार गुप्त ने ऐशबाग ईदगाह स्थित प्रशिक्षण केंद्र का निरीक्षण किया। उन्होंने प्रशिक्षण व्यवस्था, उपस्थिति और सुविधाओं का जायजा लिया। साथ में जोनल अधिकारी मनोज कुमार यादव, कर अधीक्षक ओम प्रकाश सोनी और जोनल सेनेटरी अधिकारी सतीश यादव मौजूद रहे। ऐशबाग ईदगाह में 5 कक्षों में प्रशिक्षण की व्यवस्था की गई है, प्रत्येक कक्षा में 50 प्रशिक्षार्थियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। मुख्य द्वार और कंट्रोल रूम के पास जनगणना में पूछे जाने वाले सवालों के बैनर लगाए गए हैं। निरीक्षण के दौरान दोपहर साढ़े बारह बजे तक सभी कक्षों में करीब 45-45 प्रशिक्षार्थी उपस्थित मिले। अपर नगर आयुक्त ने निर्देश दिया कि स्वगणना के बारे में व्यापक प्रचार किया जाए ताकि अधिक से अधिक लोग जागरूक हों।

### 453 कर्मचारी अनुपस्थित

लखनऊ,आज समाचार सेवा। जनगणना 2027 के द्वितीय चरण के प्रशिक्षण में लखनऊ नगर निगम के 8 जोनों में कुल 453 सुपरवाइजर और प्रगणक अनुपस्थित रहे। कुल 2720 कर्मचारियों में से 2267 उपस्थित हुए, उपस्थिति 83.35 प्रतिशत रही। अपर नगर आयुक्त पंकज श्रीवास्तव ने बताया की 419 सुपरवाइजरों में से 361 उपस्थित और 58 अनुपस्थित रहे। इसी तरह 2301 प्रगणकों में से 1906 उपस्थित और 395 अनुपस्थित रहे। विभागवार बेसिक शिक्षा से सबसे अधिक 55, लोक निर्माण विभाग से 35, स्वास्थ्य और माध्यमिक शिक्षा से 23-23, सिंचाई से 19, एलडीए से 15, कृषि से 14, स्मारक समिति से 11 कर्मचारी अनुपस्थित रहे। नगर आयुक्त गौरव कुमार ने कहा कि अनुपस्थित रहने वालों पर नियमानुसार कार्रवाई होगी। जोनवार सबसे अधिक अनुपस्थिति जोन-3 में 92 कर्मचारी, 11 सुपरवाइजर 81 प्रगणक ,जोन-6 में 76, जोन-8 में 65, जोन-7 में 56, जोन-4 में 52, जोन-1 में 49, जोन-2 में 36 और जोन-5 में 27 कर्मचारी अनुपस्थित रहे। उपस्थिति में जोन-4 सबसे आगे 88.44 प्रतिशत, जोन-5 में 86.50, जोन-2 में 85.60, जोन-8 में 85.56, जोन-3 में 84.03, जोन-7 में 81.33, जोन-1 में 75.50 और सबसे कम जोन-6 में 74.15 प्रतिशत रही।

## गर्भवती महिला पर थार चढ़ाने वाला गिरफ्तार

लखनऊ। पारा इलाके में ओवरटेकिंग के विवाद में गर्भवती महिला और राहगीरों पर थार चढ़ा देने वाले आरोपी को पुलिस ने मध्य प्रदेश के शहडोल से गिरफ्तार कर लिया है। घटना 21-22 अक्टूबर की रात की है। रोहित कुमार गुप्ता अपनी गर्भवती पत्नी और भाई के साथ पुराना पारा से गुजर रहे थे। इसी दौरान थार के चालक ने ओवरटेकिंग को लेकर विवाद में नशे की हालत में उनकी पत्नी को धक्का दे दिया। विरोध करने पर आरोपी ने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी और भीड़ पर तेज रफ्तार में थार चढ़ा दी। हादसे में कई लोग घायल हो गए थे।इस मामले में थाना पारा मेंकेस दर्ज किया गया था।

## नियमों को ताक पर रख चपरासी बने लिपिक

### स्नातक नहीं होने पर भी बाबू का मिला चार्ज,मुख्यमंत्री कार्यालय को मिली शिकायत

लखनऊ। बेसिक शिक्षा विभाग में खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में मनमाने स्तर पर विभागीय आदेश को ढाल बनाकर तैनाती कार्रवाई की गई। चयन कार्रवाई को लेकर मुख्यमंत्री कार्यालय से शिकायत दर्ज कराई गई है ।शिकायती पत्र के तहत आरोप है कि सर्वेंद्र विक्रम सिंह बेसिक शिक्षा निदेशक द्वारा खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में कामकाज करने के लिए चालीस से कम उम्र के पढ़े लिखे कंप्यूटर चलाने वाले चपरासियों से बाबू का काम लेने का आदेश हुआ। राजधानी में निदेशक के आदेश की आड़ में खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में तैनाती के लिए सेटिंग वेटिंग कर जमकर खेल हुआ। शिकायती पत्र के तहत आरोप है कि प्रक्रिया में 40 से कम उम्र के तैनाती के नियम को दरकिनार कर मोहनलालगंज ब्लॉक में संकल्प श्रीवास्तव की उम्र ज्यादा होने पर भी तैनाती कर दी गई। वही कंप्यूटर दक्ष तथा स्नातक की योग्यता को दरकिनार कर अमन पटेल को स्नातक नहीं होते हुए भी खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में बाबू का काम करने के लिए तैनात कर दिया गया। दिव्या सिन्हा मलिहाबाद विकासखंड में कार्यरत थी। दिव्या सिंह पर विभागीय अधिकारियों द्वारा दरियादिली बरतते हुए मलिहाबाद में तैनात करने की जगह नगर क्षेत्र जोन एक शहर में नियुक्ति प्रदान कर दी गई। नियुक्ति के बाद से दिव्या सिन्हा लगातार मलिहाबाद ब्लॉक में काम की अधिकता के बावजूद नगर क्षेत्र में तैनात है। आरोप है कि कई विकास खंडों में लिपिक होने के बावजूद अधिकारीयो द्वारा अपने चहेते को राहत देने के लिए तैनाती दी गई।

## नशे की लत में भाई के घर से चुराए जेवर

लखनऊ।कृष्णानगर थाना पुलिस ने चोरी की वारदात का 12 घंटे में खुलासा करते हुए शातिर को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के पास से चोरी की गई करीब डेढ़ लाख रुपये की ज्वैलरी और नकदी बरामद हुई है।कनौसी मानकनगर निवासी कुसुम राजपूत ने 26 अक्टूबर को तहरीर दी थी कि 25 अक्टूबर को उनके घर से अज्ञात चोर जेवर चोरी कर ले गया है। इस पर थाना कृष्णानगर में धारा 331(3)/305(डु) बीएनएस के तहत केस दर्ज किया गया। पुलिस कमिश्नर तरुण गाबा के निर्देश पर डीसीपी दक्षिणी मो0 मुश्ताक के नेतृत्व में दो टीमें लगाई गईं। टेक्निकल साक्ष्य और मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने आरोपी अमन राजपूत उर्फ भोला पुत्र हीरालाल निवासी कनौसी कृष्णानगर उम्र 25 वर्ष को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपी ने बताया - साहब मैं नशे का आदी हूं, पैसों की जरूरत थी। भाई-भाभी बाजार गए थे, मौका देखकर घर में घुसकर जेवर चुरा लिए। बेचने ही वाला था कि पकड़ा गया।

## देश की सैन्य से जुड़कर सिविल डिफेंस ने रचा इतिहास

### सेना ने शुरू किया सिविल डिफेंस के मास्टर ट्रेनरों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण

लखनऊ। राजधानी में ट्रेन विद योर आर्मी सब एरिया तथा डीके ठाकुर आईपीएस



कैंप पहल के तहत सिविल डिफेंस मास्टर ट्रेनर्स का तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू हुआ। इस कार्यक्रम में 73 मास्टर ट्रेनर्स और सिविल डिफेंस स्वयंसेवक भाग ले रहे हैं। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य वर्तमान एवं उभरती सुरक्षा चुनौतियों के प्रति जमीनी स्तर पर तैयारियों को मजबूत करना है। उद्घाटन सत्र को मेजर जनरल मनीष कुकरेती एसएम जीओसी मध्य उत्तर प्रदेश डीजी होम गार्ड्स एवं सिविल डिफेंस सिविल डिफेंस के चीफ वार्डन अमर नाथ मिश्र ने संबोधित किया। उन्होंने प्रशिक्षित प्रथम प्रतिक्रिया दल, जन-जागरूकता और सैन्य-नागरिक समन्वय की आवश्यकता पर जोर देते हुए इसे राष्ट्रीय सुरक्षा एवं आपातकालीन तैयारियों के लिये महत्वपूर्ण हिस्सा बताया। बताते चलें कि 28 अक्टूबर तक चलने वाले इस कार्यक्रम में कक्षा आधारित प्रशिक्षण, प्रदर्शन और व्यावहारिक अभ्यास शामिल हैं। प्रशिक्षण

### प्रशिक्षण के लिये दिल्ली व जम्मू कश्मीर के बाद यूपी का हुआ चयन

में आधुनिक युद्ध एवं उभरती सुरक्षा चुनौतियों, ड्रोन एवं हवाई खतरों, रासायनिक, जैविक, रेडियोलॉजिकल और परमाणु खतरों, भ्रामक सूचनाओं, साइबर एवं डिजिटल खतरों, सुरक्षात्मक उपायों तथा आपातकालीन प्रतिक्रिया से जुड़े विषयों को शामिल किया गया है।मास्टर ट्रेनर्स को विभिन्न खतरों की पहचान व उनसे बचाव एवं प्रभावी निवारण के उपायों की जानकारी देने के साथ-साथ इस ज्ञान को सिविल डिफेंस स्वयंसेवकों और आम नागरिकों तक पहुंचाने के लिए भी तैयार किया जा रहा है। बताते चलें कि देश में सबसे पहले दिल्ली की सिविल डिफेंस की टीम को और फिर जम्मू कश्मीर को और अब यूपी को प्रशिक्षण के लिये चुना गया है।

## महर्षि वाल्मीकि के आदर्शों का सम्मान लखनऊ में गोमती तट पर स्थापित हुई प्रतिमा

लखनऊ, । महर्षि वाल्मीकि के आदर्शों, शिक्षाओं और महान योगदान को जन-जन तक पहुंचाने की दिशा में लखनऊ में महत्वपूर्ण पहल की गई। महर्षि वाल्मीकि प्रकटोत्सव एवं शोभायात्रा आयोजन समिति के तत्वावधान में सोमवार को गोमती तट स्थित वाल्मीकि वाटिका, प्रेरणा स्थल पर भगवान महर्षि वाल्मीकि की प्रतिमा स्थापित की गई। महापौर सुषमा खर्कवाल ने फीता काटकर प्रतिमा का विधिवत उद्घाटन किया। इस अवसर पर समाज के लोगों ने महर्षि वाल्मीकि के आदर्शों पर चलने और सामाजिक एकता को मजबूत करने का संकल्प लिया। समिति के अध्यक्ष चौधरी बृजेश पुजारी ने कहा कि प्रतिमा स्थापना वाल्मीकि समाज के लिए गौरवपूर्ण है। कार्यक्रम में पार्षद प्रमोद सिंह राजन, निशातगंज वार्ड के पार्षद, नगर निगम कर्मचारी संघ के अध्यक्ष आनंद वर्मा समेत समाज के तमाम लोग उपस्थित रहे। संस्था के संरक्षक एवं उत्तर प्रदेश राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के पूर्व सदस्य श्याम लाल वाल्मीकि, प्रमोद हंस और दिनेश वाल्मीकि ने भी कार्यक्रम में सहभागिता की। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में महापुरुषों की जयंती और प्रकटोत्सव के आयोजनों के माध्यम से उनकी विरासत को सम्मान देने तथा सामाजिक सद्भाव को प्रोत्साहित करने पर जोर दिया जा रहा है। महर्षि वाल्मीकि भारतीय संस्कृति और साहित्य के महान ऋषि हैं। रामायण की रचना के लिए विख्यात महर्षि वाल्मीकि के विचार आज भी समाज को सत्य, मर्यादा और नैतिक मूल्यों की प्रेरणा देते हैं।

## वाल्मीकि जयंती पर सफाई मित्रों को मंत्री ए.के. शर्मा ने बांटी पीपीई किट

लखनऊ,आज समाचार सेवा। महर्षि वाल्मीकि जयंती के अवसर पर गोमतीनगर स्थित नगरीय निकाय निदेशालय में सफाई मित्रों के सम्मान का कार्यक्रम आयोजित हुआ। नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने सफाई मित्रों को पीपीई किट वितरित कर सम्मानित किया। इस दौरान मंत्री ए.के. शर्मा ने कहा कि शहरों की स्वच्छता को सुदृढ़ बनाने में सफाई मित्रों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उनके परिश्रम, निष्ठा और समर्पण से ही स्वच्छता व्यवस्था प्रभावी बनी है। सफाई मित्रों के स्वास्थ्य और सुरक्षा सरकार की प्राथमिकता में हैं, उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करना स्वच्छ और स्वस्थ शहर की दिशा में बड़ा कदम है। कार्यक्रम में उपस्थित महापौर सुषमा खर्कवाल ने कहा कि मंत्री ए.के. शर्मा के मार्गदर्शन में लखनऊ ने स्वच्छ वायु सर्वेक्षण-2026 में राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इस उपलब्धि के पीछे सफाई मित्रों का अथक परिश्रम और निगम कर्मचारियों का सामूहिक योगदान है। सफाई मित्र स्वच्छता व्यवस्था की मजबूत आधारशिला हैं। प्रमुख सचिव नगर विकास पी. गुरुप्रसाद भी मौजूद रहे।

## सुशांत गोल्फ सिटी में हादसा, तीसरी मंजिल से गिरकर मजदूर की मौत

लखनऊ।सुशांत गोल्फ सिटी इलाके में एक निर्माणाधीन मकान से गिरकर 40 वर्षीय मजदूर की मौत हो गई। हादसा बी-3/37 में देर रात हुआ। पुलिस को डायल-112 पर सूचना मिली कि एक व्यक्ति निर्माणाधीन मकान से गिर गया है। पुलिस मौके पर पहुंची तो साथ काम करने वाले मजदूरों ने मृतक की पहचान प्रहलाद गोंड पुत्र स्व0 मोतीचंद गोंड निवासी महदौर, कासिमाबाद, गाजीपुर के रूप में की। मजदूरों ने बताया कि सुबह उठने पर उन्होंने प्रहलाद को मकान के पीछे मृत पड़ा देखा। तीसरी मंजिल पर 6-7 मजदूर साथ रहते हैं। प्रथम दृष्टया आशंका है कि रात में लघुशंका के लिए उठने के दौरान पैर फिसलने से वह तीसरी मंजिल से नीचे गिर गया। साथी मजदूरों ने यह भी बताया कि मृतक ने रात में शराब पी रखी थी।

## अमीनाबाद में नाबालिग को बहलाने और धर्म परिवर्तन का प्रयास

लखनऊ।थाना अमीनाबाद पुलिस ने 16 साल की नाबालिग को बहला-फुसलाकर ले जाने और धर्म परिवर्तन कराने की कोशिश के मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को हिरासत में ले लिया है। पीड़िता को सकुशल बरामद कर लिया गया है।जानकारी के मुताबिक 25 अक्टूबर को अमीनाबाद निवासी वादिनी ने थाने में तहरीर दी कि उसकी 16 वर्षीय नातिन को नदीम और उसके परिवार वाले बहला-फुसलाकर ले गए हैं और धर्म परिवर्तन कराने का प्रयास कर रहे हैं। तहरीर पर थाना अमीनाबाद में धारा 137(2) बीएनएस और 3/5(1) उत्तर प्रदेश विधि विरुद्ध धर्म परिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम 2021 के तहत केस दर्ज किया गया।इसी दिन वादिनी और स्थानीय लोगों की मदद से नाबालिग और आरोपी नदीम उम्र 19 वर्ष निवासी इकाना फंड मस्जिद मॉडल हाउस अमीनाबाद को पकड़कर थाने लाया गया।

## गाजे बाजे के साथ निकली महर्षि वाल्मीकि शोभा यात्रा

लखनऊ।वाल्मीकि प्रकट दिवस के



अवसर पर माननीय योगेश वर्मा जी विधायक सदर लखीमपुर ने वाल्मीकि आश्रम गोटेय्या बाग गोला रोड लखीमपुर में वाल्मीकि मंदिर में महंत श्री आजाद भारती द्वारा मंत्रोच्चार के साथ पूजा अर्चना की तथा झंडा चढ़ाकर महंत आजाद भारती और सचिन वाल्मीकि अध्यक्ष वाल्मीकि मंदिर कमेट को सम्मानित के अलावा वाल्मीकि समाज की शिक्षित बेटियों को प्रतीक चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सदर विधायक योगेश वर्मा ने कहा भगवान वाल्मीकि जी ने लव कुश को शस्त्र, शास्त्र, और संगीत निपुण बनाया, श्री राम के जन्म से हजारों वर्ष पूर्व रामायण लिखी, उसी तरह वाल्मीकि समाज की बेटियां और नौजवान शिक्षित हो सम्मान जनक सेवा में आकर समाज और देश का गौरव बढ़ाए। इससे पूर्व सुबह वाल्मीकि मंदिर में वाल्मीकि जी का श्रृंगार पूजन, प्रभात फेरी, विश्व शान्ति के लिए हवन पूजन किया गया। शाम को गाजे बाजे के डोल लंगाड़े के धूम धाम से वाल्मीकि शोभायात्रा सुंदर सुंदर झाकियों के साथ गोटैय्या बाग गोला रोड से प्रारंभ होकर संकटा देवी चौराहे, निघासन रोड शुक्ला मेडिकल स्टोर पर मुख्य आयोजन में विलय होकर मेला मैदान, इमली चौराहा, मिश्राना चौराहे से मेनरोड होकर चूना मंडी, सराफा बाजार पुरानी गल्ला मंडी होकर संकटा देवी मंदिर होकर गोटैय्या में वापस आकर महा आरती के बाद समाप्त रात्रि में सांस्कृतिक कार्यक्रम और सार्वजनिक भंडारे का आयोजन किया गया।इस अवसर पर महंत आजाद भारती, चंदन लाल वाल्मीकि, जितेंद्र सिंह सुरेंद्र सुब्बा लाल, सचिन वाल्मीकि, हिमांशु सेठ, कुंवर विकेंस, लकी सिंह, बादल सिंह, अरुण पुजारी, रूपा, कोमल, प्रीत कोषाध्यक्ष,पृथ्वी, सुमित, नितिन, अंकित गांधी,ध्रुव,,नैतिक, रितेश ,अमन, ओंकार, भीम,राकेश पंडित, राम बाबू , पारस,कृष्ण, कुमार अभिनव, कुमार अभिजीत,आयुष, आशु,विराट, रुद्र,सिधू,अर्जुन, संगीत, रजत, आदि भक्त गण मौजूद रहे।

## घरों की दीवारों पर लिखा मकान बिकाऊ है ,पलायन को मजबूर

### फैजुल्लागंज में कहीं सीवर उफना रहा तो कहीं अब भी भरा पानी

लखनऊ,आज समाचार सेवा। बाढ़ का पानी निकालने के लिए पंप और टैंकर लगाने के दावों के बीच फैजुल्लागंज में लोगों की दुश्वारियां कम नहीं हो रही हैं। कहीं सीवर ओवरफ्लो होकर सड़कों पर बह रहा है तो कहीं अब भी पानी भरा होने से लोगों को आवागमन में परेशानी हो रही है। कई कॉलोनियों में सफाई व्यवस्था की बदहाली भी मुसीबत बनी हुई है। नालियों से निकलकर सड़क पर फैला कूड़ा और गंदगी संक्रमण का खतरा बढ़ा रही है। स्थानीय लोगों ने नगर निगम के अधिकारियों से जल्द समस्या दूर कराने की मांग की है। कई लोगो ने परेशान होकर अपने घरों की दीवारों पर लिख दिया है की मकान बिकाऊ है । फैजुल्लागंज चतुर्थ वार्ड के श्रीराम विहार में सीवर ओवरफ्लो होने की समस्या सामने आई है। लोगों ने नगर निगम के अधिकारियों से समाधान कराने की मांग की है।

### केशव नगर द्वितीय में नाली का कूड़ा सड़क पर

फैजुल्लागंज द्वितीय के केशव नगर द्वितीय में एकनाथ मंदिर के निकट नाली और सड़क पर कूड़ा फैला है। गंदगी के कारण लोगों को आने-जाने में परेशानी हो रही है। स्थानीय लोगों ने नगर निगम के जोन तीन के जोनल अधिकारी से सफाई व्यवस्था दुरुस्त कराने की मांग की है। बाढ़ के दौरान जलनिकासी और राहत कार्यों के बाद अब प्रभावित इलाकों में नियमित सफाई और सीवर व्यवस्था दुरुस्त करना बड़ी चुनौती है। लोगों का कहना है कि केवल पानी निकालना पर्याप्त नहीं है, बल्कि सीवर ओवरफ्लो रोकने, नालियों की सफाई और सड़कों से कूड़ा हटाने के लिए भी तत्काल कार्रवाई जरूरी है।

फैजुल्लागंज द्वितीय वार्ड केशव नगर में जल निकासी व्यवस्था ठप हो गई है । इलाके का मुख्य नाला कूड़े ,प्लास्टिक और गाद से पूरी तरह चोंक हैं नाले की सतह पर सिर्फ कचरे का ढेर दिख रहा है । जिससे गंदा पानी बह नहीं पा रहा है ,गंदगी के ढेर में कई मृत जानवर भी पड़े हैं । बीते कई दिनों से सड़ रहे इन शवों से इलाके में दुर्गंध फैल रही है । लोगों को घरों की खिड़कियां खोलना भी मुश्किल हो रहा है । सड़ांध से मच्छरों और जहरीले कीड़ों का प्रकोप बढ़ गया है स्थानीय लोगों को डर है कि अगर जल्द समाधान नहीं हुआ तो डेंगू मलेरिया और डायरिया की जैसी बीमारियां फैल सकती हैं । पीली कॉलोनी में जल भराव और गंदगी से लोग परेशान है। पानी नहीं निकलने से गलियां नाले जैसी हो गई हैं घरों की चौखट तक कई फीट बदबूदार पानी भरा है जिससे निकलना मुश्किल है । प्रशासन की अनदेखी से कई परिवार पलायन को मजबूर हैं ,पानी में डूबे एक मकान की दीवार पर लिखा हुआ मिला की मकान बिकाऊ है । वही दूसरी ओर संतकबीरनगर कॉलोनी में पूनम शर्मा की गली में सीवर ओवरफ्लो होने की गंभीर समस्या है। स्थानीय लोगों ने यहां सीवर की सफाई के लिए जेट सक्शन मशीन लगवाने की मांग की। भार्गव कॉलोनी और कैलाश बिहार में सफाई नहीं होने की शिकायतें भी संबंधित अधिकारियों को भेजी गई हैं। भार्गव कॉलोनी की कृति ने भी इलाके में पानी भरे होने की समस्या सामने रखी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि जलभराव और गंदगी के कारण सामान्य जनजीवन प्रभावित हो रहा है।

## नाबालिग को बहला कर ले जाने वाला आरोपी 2 घंटे में दबोचा गया

लखनऊ।थाना गुडंबा पुलिस ने नाबालिग को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने के आरोपी को महज ढाई घंटे में गिरफ्तार कर बड़ी कामयाबी हासिल की है। पुलिस ने अपहृता को सकुशल बरामद कर लिया है।जानकारी के मुताबिक 25 अक्टूबर को पीड़ित ने थाने पर तहरीर दी थी कि उसकी 17 वर्षीय भांजी को हसनैन बहला-फुसलाकर ले गया है। इस पर थाना गुडंबा में 137(2)/87 बीएनएस के तहत केस दर्ज किया गया। विवेचना उप निरीक्षक देवेन्द्र सिंह को सौंपी गई। केस दर्ज होते ही पुलिस हरकत में आई। पतारसी-सुरागरसी के दौरान मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने टेढ़ी पुलिया के पास टेंपो स्टैंड के पास घेराबंदी की। आरोपी हसनैन उम्र 22 वर्ष निवासी प्लाट नंबर 13 सुंदर विहार कॉलोनी, शुक्ला चौराहा, सैदपुर, जानकीपुरम के कब्जे से नाबालिग को बरामद कर लिया गया। आरोपी को रात 10:30 बजे गिरफ्तार कर लिया गया।